Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to commence train service from Gopalganj-Thave via Gorakhpur to Delhi, Mumbai and Kolkata.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभपति महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगज की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र की आबादी लगभग 28 लाख है और यहाँ पर ऐतिहासिक थावे पीठ मंदिर है । इस मंदिर एवं जिले के निवासियों के लिए गोपालगंज-थावे जंक्शन है जहां से बड़ी लाइन की सुविधा उपलब्ध है । छपरा कचहरी से थावे गोरखपुर रेल लाइन खंड पर ट्रेनों का संचालन भी हो रहा है । छपरा जंक्शन से छपरा कचहरी, 03 किलोमीटर बड़ी लाइन खंड को यात्री यातायात हेतु खोला जाना है । इस हेतु थर्ड लाइन बिछा दी गई है, लेकिन थर्ड लाइन कमीशनिंग नहीं हुई है । महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र यानी थावे से गोपालगंज से कोई भी ट्रेन दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के लिए नहीं है । दूसरे जिलों में जा कर लगभग 65 किलोमीटर दूर से ट्रेन पकड़नी पड़ती है । जबकि मंत्रालय का जवाब आता है कि आपके जिले से रेवेन्यू कम आता है । जबकि, सच्चाई यह है कि जिले में विदेशी मुद्रा का आगमन पूरे बिहार में सबसे ज्यादा है । बजट में अभी हाल ही में वित्त मंत्री जी ने 3 साल में 400 वंदे भारत ट्रेन चलाने की घोषणा की है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उसमें से छपरा में थर्ड लाइन कमीशनिंग पूरा कर गोपालगंज-थावे-गोरखपुर होते हुए दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के लिए वंदे भारत ट्रेन, तेजस ट्रेन या सुपर फास्ट ट्रेन चलाने सुविधा दी जाए । धन्यवाद ।